**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 29-07-2025**

**बोकारो(झारखण्ड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-07-29 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2025-07-30 | 2025-07-31 | 2025-08-01 | 2025-08-02 | 2025-08-03 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 36.0 | 33.0 | 8.0 | 6.0 | 8.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 29.0 | 30.0 | 31.0 | 32.0 | 32.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 24.0 | 25.0 | 25.0 | 25.0 | 25.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 91 | 91 | 90 | 86 | 82 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 74 | 68 | 69 | 62 | 55 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 4 | 7 | 9 | 9 | 10 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 260 | 216 | 242 | 268 | 274 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 7 | 7 | 7 | 6 | 8 |
| चेतावनी | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। तापमान में मामूली वृद्धि होने की संभावना है और हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

भारी वर्षा; गरज और बिजली, तूफान आदि; तेज सतही हवाएं

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| जिन किसान का खेत अभी भी परती रह गया हो, वे अविलंब विभिन्न फसल की बोआई अनुशंसित विधि से करें। धान के फसल को छोड़कर अन्य सभी फसल की बोआई मेढ़ बनाकर ही करें। जिस किसान के पास ऊपरी खेत अभी भी परती रह गया है, वे कुलथी, उरद, मूंग या विभिन्न सब्जियों की खेती के लिए तैयारी करें। संक्रमण से बचने और वायु परिसंचरण में सुधार के लिए क्षतिग्रस्त, सड़ते हुए फलों और पीले/रोगग्रस्त पत्तियों को हटा दें। जो किसान पहले ही बोआई कर चुके हैं और अगर अंकुरण समान रूप से नहीं हो पाया हो तो खाली जगहों में पुन: बीज बोएँ या अगर एक ही जगह पौधों की संख्या ज्यादा हो गयी हो तो उसे उखाड़कर खाली जगह में लगा दें। आने वाले दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों में सिंचाई रोक दें और जल निकासी की सुविधा रखें। मौसम साफ होने तक खाद या कीटनाशकों का छिड़काव रोक दें। वर्षा जल संचयन के लिए अपने खेत के निचले भाग में छोटे -छोटे गढ्ढे (डोभा) का निर्माण करें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| किसानों को सलाह दी जाती है कि वे कीटभक्षी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए खेत में 20-25 प्रति एकड़ की दर से Y या T आकार के लकड़ी के ब्लॉक लगाएं। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | वर्तमान मौसम की स्थिति मक्का की फसल में तना मक्खी के संक्रमण के लिए अनुकूल है, इसे नियंत्रित करने के लिए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे साफ मौसम के दौरान मिथाइल डेमेटोन @ 1 मिली / लीटर या डाइमेथोएट @ 2 मिली / लीटर पानी का छिड़काव करें। |
| रागी | मड़ुआ की फसल जो 20 से 25 दिन पुरानी है उनमे निकाई - गुड़ाई करें, इसके पश्चात 22 किलोग्राम प्रति एकड़ यूरिया का भुरकाव करे। |
| चावल | अनुमानित वर्षा को देखते हुए, धान की रोपाई 30 जुलाई से पहले पूरी करें। रोपाई से 7 दिन पहले नर्सरी क्षेत्र में 400 ग्राम क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 0.4% G या 800 ग्राम कार्टाप हाइड्रोक्लोराइड 4% GR का प्रयोग करें ताकि रोपाई के 3 सप्ताह बाद तक गॉल मिज, तना छेदक, केसवर्म, लीफ फोल्डर और रूट नॉट निमेटोड का नियंत्रण किया जा सके। |
| चावल | जिन किसान भाइयों ने 2 से 3 सप्ताह पहले धान की रोपाई की हो वे धान में नत्रजन की शेष 50% मात्रा में से 25% नत्रजन का भुरकाव करें। शेष 25% का भुरकाव रोपाई के 6 सप्ताह बाद करें। |
| मूँग | मूंग की फसल लेने हेतु इच्छुक किसान भाई उन्नत किस्मो का प्रयोग करें जैसे - MH - 1142, बीज दर 8 से 10 किलोग्राम प्रति एकड़ रखें। बुवाई पंक्तियों में करें तथा दुरी 30 सेंटीमीटर रखें। मूंग ऊँचे जमीं वाली फसल है इसलिए इसमें जल जमाव ना होने दें। |
| चावल | सीधी बुवाई वाले धान की फसल तीन से चार हफ़्ते की अवस्था में है। चूँकि आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है, इसलिए किसान भाई निराई गुड़ाई / खरपतवार नियंत्रण के लिए जाएँ। 35 किलो यूरिया प्रति एकड़ डालें, उसके बाद निराई-गुड़ाई करें और खाली जगहों को भरें। खाद डालते समय अतिरिक्त पानी निकाल दें और एक दिन बाद पानी को खेतों में डाल दें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| टमाटर | 15 से 20 दिन टमाटर के बिचड़े की रोपाई मुख्य खेतों में करें। कतार से कतार की दुरी 60 सेंटीमीटर तथा पौध से पौध की दुरी 40 सेंटीमीटर रखें। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | किसानों को सलाह दी जाती है कि वे टमाटर, मिर्च, प्याज और बैंगन की रोपाई के समय नाइट्रोजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा दें तथा नाइट्रोजन की शेष मात्रा 40-50 दिन बाद दें। खाद डालने से पहले जल निकासी कर लें। |
| सामान्य सलाह | बरसात के दिनों मे किसि भी दावा का छिड़काव साफ मौसम देख कर ही करें तथा दावा के घोल मे संडोवित या टीपोल ( 1 मिलिलीटर प्रति 2 लिटर पानी ) अवश्य मिलाएँ। इनके आभाव मे दावा के |

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| | घोल को साबुन के पानी मे तैयार करें । इससे दावा को घोल चिपचिपा हो जाता है तथा हल्की वर्षा के बावजूद दावा पूर्णतया पौधे से धुलता नहीं है । |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| फसलों का गिरना |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| सब्जी नर्सरी को सहायता प्रदान करें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**